Australian Government
Australian Small Business and Family Enterprise Ombudsman

# MEDIA RELEASE

# लोकपाल ने राष्ट्रमंडल खरीद की जाँच आरंभकरदीहै

30 मार्च 2023

ऑस्ट्रेलियाई लघु व्यवसाय एवं पारिवारिक उद्यम लोकपाल (Australian Small Business and Family Enterprise Ombudsman) ब्रूस बिल्सन ने छोटे व्यवसायों पर राष्ट्रमंडल खरीद नियमों में सुधारों के प्रभाव काआकलनकरनेके लिएजाँच आरंभ कर दी है।

इस जाँचकोवित्त मंत्री महोदया केटी गैलाघर नेलोकपाल के प्रतिनिर्दिष्टकिया था।

2021-22 में ऑस्ट्रेलिया सरकार ने खरीद अनुबंधों के लिए$80.8 बिलियन का एवॉर्डदियाथा, जिसमें से30.8% यामूल्य के हिसाब से$25 बिलियनसेकुछ कमधनराशिकोछोटे और मध्यम आकार के उद्यमों के लिए दिया गयाथा।

"ऑस्ट्रेलिया सरकार की छोटे व्यवसायों काएक बड़ा सेवार्थी बनने के लिएप्रतिबद्धता का दिखाई देनाबहुत अच्छा है," श्री बिल्सन ने कहा।

"लेकिन कई छोटे और पारिवारिक व्यवसायों के लिए राष्ट्रमंडल खरीद अनुबंधों की पहचान करना और इन्हेंप्राप्तकरना जटिल, महंगा, भ्रामक और समय लेने वाला हो सकता है।

"छोटे और पारिवारिक व्यवसायों कोऑस्ट्रेलिया सरकार की आवश्यकता के माल और सेवाओं के लिए प्रतिस्पर्धा करने और इनकी आपूर्ति करने में पूरी तरह से शामिलहोनेके अवसर को समर्थन देनेसेधनराशिकासंपूर्ण मूल्य, अर्थव्यवस्था की जीवनशक्ति और स्थानीय व्यवसायोंकोदूसरों के समानपैमानेपरआने के लिए समर्थनमिलना सुनिश्चित करने में सहायतामिलती है औरइससेनवाचार भीसक्षमहोसकता है।

"जहाँ खरीद में बाधाएँआतीहैं, वहाँ उद्यमिता और प्रतिस्पर्धा के प्रोत्साहन के अवसर कम हो सकतेहैं और इसका अर्थयहहोसकताहै कि करदाता और देश को धनराशि के लिएसर्वाधिक मूल्य नहीं मिल रहा हो।

"इस बातका आकलन करने का यहसहीसमय कि छोटे और पारिवारिक व्यवसायों के लिएतंत्रकैसे काम कर रहा है, छोटे व्यवसायों की भागीदारी के समर्थन में खरीद नियम क्या भूमिका निभा रहे हैं और क्या सीखाजासकता है वकौनसे सुधार किए जा सकते हैं।

"हम उन विभागों और एजेंसियों की पहचान करना चाहते हैं जो छोटे व्यवसायों को खरीद के अवसर प्रदान करने के मानक उदाहरण हैं और हमइस सफलता का उत्सव मनाते हैं तथा दूसरों को इसका अनुकरण करने में सहायतादेनाचाहते हैं।

"ठीकइसी तरहसे हम उन लोगों कोभीप्रकाश में लाना चाहते हैं जिनकालघु व्यवसाय के साथ व्यवहार खराबरहा है।"

लोकपाल राष्ट्रमंडल खरीद में 1 जुलाई 2022 के परिवर्तनों के कार्यान्वयन, और इन परिवर्तनों से राष्ट्रमंडल खरीद गतिविधियों में भाग लेने वाले छोटे व्यवसायों पर पड़े प्रभावकी समीक्षा करेंगे।

लोकपाल एक मुद्दापत्र निर्गत करने का इरादा रखतेहैं और छोटे व्यवसायों व अन्य इच्छुक दलों से लिखित प्रस्तुतियाँआमंत्रित करतेहैं, जिन्हें1 जुलाई 2023 तकinquiries@asbfeo.gov.auपर भेजा जाना चाहिए।

ऑस्ट्रेलिया सरकार कोदिसंबर में सिफारिशों के साथ अंतिम रिपोर्ट दी जाएगी।

श्री बिल्सन ने कहा कि समीक्षा में छोटे व्यवसायों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रमंडल खरीद नियमों और प्रक्रियाओं में अतिरिक्त परिवर्तनों की पहचान करने की कोशिश की जाएगी।

समीक्षा में कॉमनवेल्थ कॉन्ट्रैक्टिंग सुइट (Commonwealth Contracting Suite) ऑस्टेंडर (AusTender) की प्रभाविता, छोटे व्यवसायों की पहचान करने के तरीकों, छोटे व्यवसायों को बड़े व बहुआयामी अनुबंधों में बोली लगाने के लिए साथ आने में सक्षम बनाने के अन्य तरीकों, तथा छोटे व्यवसायों के लिए शॉर्ट-लिस्टेड प्रदाता 'पैनल' कितने सुलभ हैं, इन मुद्दोंकी जाँच भी की जाएगी।

श्री बिल्सन ने कहा कि छोटे व्यवसायों द्वारा अक्सर उठाई जाने वाली एक विशेष चिंता यह थी कि सरकारी अनुबंधों के बारे में कैसे जाना जाए और निविदा (टेंडर) कैसे दी जाए।

"हम यह देखना चाहते हैं कि जटिल खरीद प्रक्रिया को समझने-बूझने के लिए छोटे व्यवसायों को क्या समर्थन दिया जाता है," उन्होंने कहा।

"कुछ मामलों में, छोटे व्यवसाय इस भावना से विचलित हो जाते हैं कि यहएक 'बंद दुकान' है, जबकि अन्य मामलों में वे उपलब्ध अवसरों के बारे में जानतेहीनहीं हैं, या अनुबंध का आकार बस बहुत बड़ा हो सकता है।

श्री बिल्सन ने कहा कि वे विशेष रूप से यह जाननाचाहते थे कि क्या ऐसे क्षमता निर्माणकरनेवाले अनुबंधप्रस्तुतकिएजा रहेहैं, जो छोटे व्यवसायों को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए अनुबंधों से वास्तव में लाभ उठाने में सक्षम बनाएँगे।

संदर्भ की शर्तें संलग्न हैं या हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

मीडिया संपर्क: 0448 467 178

Australian Government | Australian Small Business and Family Enterprise Ombudsman

# MEDIA RELEASE

## संदर्भकीशर्तें: राष्ट्रमंडल खरीद नियमों में 1 जुलाई 2022 के परिवर्तनों के कार्यान्वयन की समीक्षा

### समीक्षा का संदर्भ

कई छोटे व्यवसायों के लिएराष्ट्रमंडल खरीद अनुबंधों की पहचान और सुरक्षा में शामिल प्रक्रियाएँ जटिल, महंगी और समय लेने वाली हो सकती हैं।राष्ट्रमंडल खरीद प्रक्रियाओं में सुधार करने से छोटे व्यवसायों के लिए विकास के अवसरों का विस्तारकरने, उद्यमिता को प्रोत्साहन देने, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, स्वयंकीसमर्थता को मजबूत बनानेऔर करदाताओं के लिएधनराशिकाअधिकतम मूल्यप्राप्तकरनेकीसंभावनाहै।

इसमेंनिम्नलिखितसंबोधित करने के विषय शामिल हैं:

- जटिल प्रक्रियाएँ, जोपूर्व विशेषज्ञता के बिना समझने-बूझने में चुनौतीपूर्णहैं
- आगामी कार्य और सीमित निविदाओं के उपयोग के बारे मेंपारदर्शिता और संचार बढ़ाना
- बंडल खरीद अनुबंध या बड़े कार्य पैकेज, जो छोटे व्यवसायों के लिए निविदाओं में प्रतिस्पर्धा करना कठिनबनातेहैं
- अनावश्यक रूप से आदेशात्मक अनुबंध आवश्यकताएँ, जोछोटे व्यवसायों के लिएखरीद के अवसरों की पहुंच को बाधित करती हैं
- पूरेराष्ट्रमंडलमें व्यापकबहुतसारे पैनल और स्थायी प्रस्ताव व्यवस्थाएँ;जिनसभीकी आवेदन आवश्यकताएँअलग-अलगहोतीहैं (इन पैनलों में शामिलहोनेलिएके लिए), और एजेंसियों के बीच अलग-अलग 'पिग्गीबैकिंग' व्यवस्थाएँ।

वित्त मंत्री, सिनेटरमाननीया केटी गैलाघर और लघु व्यवसाय मंत्री, माननीया जूली कॉलिन्स सांसद ने 1 जुलाई 2022 कोराष्ट्रमंडल खरीद नियमों (सीपीआर) [Commonwealth Procurement Rules (CPRs)] मेंपरिवर्तनोंके आरंभ की घोषणा की। ये परिवर्तनराष्ट्रमंडल खरीद में लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) [Small and Medium Enterprises (SMEs)] की भागीदारी को बढ़ाने के लिएडिज़ाइन किए गएथे।

वित्त मंत्री ने लोकपाल को पत्र लिखकर लोकपाल से अनुरोध कियाकि वे सीपीआर मेंपरिवर्तनों के कार्यान्वयन के साथ-साथ16 फरवरी 2023 कोराष्ट्रमंडल खरीद में भाग लेने वाले छोटे व्यवसायों पर प्रभाव की समीक्षा भीकराएँ। इसके अतिरिक्त, वित्तमंत्री ने लोकपाल से यहअनुरोधभी कियाथा कि वेबाय ऑस्ट्रेलिया प्लान (Buy Australia Plan) के कार्यान्वयन पर निष्कर्षों के प्रभावों परविचार करें।

### उद्देश्य

सीपीआर में 1 जुलाई 2022 कोकिए गए परिवर्तनों के कार्यान्वयन,और राष्ट्रमंडल खरीद गतिविधियों में भाग लेने वाले छोटे व्यवसायों पर इन परिवर्तनों के प्रभावकी समीक्षा करना। इस समीक्षा में ऑस्ट्रेलिया सरकार के विचार-मननके लिए सीपीआर या संबद्धढांचेमें परिवर्तनों की सिफारिश कीजाएगी।

### समीक्षा का दायरा

समीक्षाका कार्य पूरा करने में ऑस्ट्रेलियाई लघु व्यवसाय एवं पारिवारिक उद्यम लोकपाल (लोकपाल):

1. यहआकलन करेंगे कि सुधारों को खरीद एजेंसियों द्वारा कितने प्रभावी ढंग से अपनायाजा रहा है, जिसमें इन बातोंकीपहचान कीजाएगी:
    i. कितने छोटे व्यवसायोंको खरीद के अवसर मिलरहेहैंऔरवेइन्हेंअपनेपासरख पारहे हैं।वर्तमान रिपोर्टिंग समूहों एसएमई को साथ मेंध्यान में रखाजाएगा, यानि200पूर्णकालिक-समकक्ष से कम कर्मचारियों कोनियुक्तकरनेवालेकार्य-नियोक्ता
    ii. किस सीमा तक:
        a. बड़ी परियोजनाओं को पृथककिया गया है
        b. छोटे व्यवसायों की भागीदारीको सुविधाकृतकरने के लिए बीमा व्यवस्थाएँ सही आकार कीहैं
        c. अधिकतम $500,000 तक के रक्षा अनुबंधों के लिए निविदाएँएसएमई तक सीमित हैं
    iii. अनुकरणीय कार्य-प्रथाएँ औरउत्कृष्ट प्रदर्शन, जिसमेंसंशोधित/अद्यतन सीपीआर के कार्यान्वयन और अनुबंध दृष्टिकोण भीशामिलहैं
    iv. संशोधित/अद्यतन सीपीआर के कार्यान्वयन केलिएसमर्थन/प्रोत्साहनमें संपूर्ण सरकारी मार्गदर्शन उत्पादों और आंतरिक प्रक्रियाओं में (एजेंसियों और उनके अधिकारियों के लिए) सुधार के अवसर।
2. कॉमनवेल्थ कॉन्ट्रैक्टिंग सुइटऑस्टेंडरकी उपयोगिता और प्रभाविता कीजाँच करेंगेतथा छोटे व्यवसायों की पहचानकरने के तरीकों, छोटे व्यवसायों को बड़े व बहुआयामी अनुबंधों में बोली लगाने के लिए साथ आने में सक्षम बनाने के अन्य तरीकों, तथा छोटे व्यवसायों के लिए रोलिंगशॉर्ट-लिस्टेड प्रदाता 'पैनल' कितने सुलभ हैं, इन मुद्दोंकी जाँच करेंगे।
3. इसपरविचार करेंगे कि सीपीआर में परिवर्तनकिस सीमा तक:
    i. एसएमई को राष्ट्रमंडल खरीद में भाग लेने में सहायतादेरहेहैं
    ii. वर्तमानमेंभागनहींलेनेवाले व्यवसायों के लिए अवसर बढ़ारहे हैं, जिसमें निविदा और अनुबंध प्रक्रियाओं के दौरान नियमों व अनुभवों के बारे में उनकी जागरुकता पर परामर्श करना शामिलहै।
4. बाय ऑस्ट्रेलियन प्लान (Buy Australian Plan)के बिंदु तीन केकार्यान्वयन के समर्थन में समीक्षा निष्कर्षों पर फ्यूचर मेड इन ऑस्ट्रेलिया ऑफिस (Future Made in Australia Office) को इनपुट प्रदान करेंगे।
5. इस बात पर विचार-मनन करेंगे किमहिलाओं, प्रथम राष्ट्रों के लोगों और सांस्कृतिक तथा भाषाई रूप से विविधतापूर्ण समुदायों के लोगों के स्वामित्व में आनेवाले छोटे व्यवसायों के लिए अवसरों का विस्तार करने के लिए संशोधित/अद्यतन सीपीआर के कार्यान्वयन को कैसे बढ़ाया जा सकता है।
6. समीक्षा में सामने आए अन्य सभी प्रासंगिक मामलों पर विचार करेंगे।
7. छोटे व्यवसायों के लिए सीपीआर और खरीद प्रथाओं के संचालन में सुधार केउद्देश्यसेआगे संभावित परिवर्तनों की सिफारिश करेंगे, जिसमेंकरदाताओं के लिए मूल्य प्रदान करनाऔर उनकीस्वयंकीक्षमता सशक्तबनानाभीशामिल है।

**परामर्श प्रक्रिया**

लोकपाल समीक्षा के हिस्से के रूप में इच्छुक व्यक्ति-विशेषों और संगठनों के साथ संलग्न होंगे, जिसमेंछोटे व्यवसायों, उनके सलाहकारों और प्रतिनिधियोंके साथ-साथ सरकार व अन्य प्रासंगिक तीसरे पक्षभीशामिलहैं।

**समय सीमा**

लोकपाल यथाशीघ्र समीक्षा आरंभ करेंगे और 15 दिसंबर 2023 तक वित्त मंत्री को रिपोर्ट प्रदान करेंगे।